Bareilly, Sunday,
13 November 2022
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO 4 : MIDDLE LEFT

एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड पर चार दिवसीय कूच बिहार ट्रॉफी अंडर-19 क्रिकेट मैच शुरू

नागालैंड को दिया 320 का टारगेट

दोपहर बाद नगालैंड के बल्लेबाज उतरे, 26.4 ओवर में चार विकेट खो बनाए 73 रन

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (12 Nov): कूच बिहार ट्राफी अंडर-19 के पहले दिन उत्तर प्रदेश की टीम ने शानदार आगाज किया. टीम के बल्लेबाजों ने 65.4 ओवर में 319 रनों की शानदार पारी खेली. वही, नगालैंड की टीम की धीमी शुरुआत हुई. पहले दिन का मैच खत्म होने तक नगालैंड 26.4 ओवर में चार विकेट खोकर 73 रन ही बना सका. भोजीपुरा स्थित एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड में शनिवार सुबह चार दिवसीय क्रिकेट मैच शुरू हुआ. नगालैंड की टीम ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया. उत्तर प्रदेश की टीम ने तेजी से रन बटोरने शुरू कर दिए. उत्तर प्रदेश की टीम से ओपनिंग करते हुए आदर्श सिंह ने 85 रनों की कप्तानी पारी खेली. मानव सिंधु और आदर्श ने 95 रनों की साझेदारी से प्रशंसकों के चेहरे खिला दिए. टीम को अक्षय दुबे से काफी उम्मीद थी, लेकिन वह दो रन बनाकर ही कैच आउट हो गए. शिवम कुमार 26 गेंदों में एक छक्के की मदद से 11 बनाकर पवेलियन लौटे.

खेली आतिशी पारी

प्रशांत वीर ने 97 गेंदों पर 98 रन बनाएं. इस आतिशी पारी में उन्होंने 10 चौके और चार छक्के लगाए. प्रशांत दो रनों से शतक बनाने से चूके. नगालैंड के गेंदबाज नेजेखो ने उन्हें युगांधर के हाथ कैच करवा कर पवेलियन वापस भेजा दिया. विराट जायसवाल ने 55 गेंदों में 36, आसिफ अली ने 14 गेंदों में दो और अब्दुल रहमान ने 17 गेंदों में 18 रन बनाए. नगालैंड की ओर से दीप बोराह ने 19 ओवर में 94 रन देकर दो विकेट लिए. सुजल प्रसाद ने आठ ओवर में 36 रन देकर, नीजेखो ने 14 ओवर में 55 और खीविटसो ने 15.4 ओवर में 73 रन देकर 2-2 विकेट लिए. वहीं, सैमुअल ने पांच ओवर में 24 रन देकर एक विकेट चटकाया. 319 रनों के बड़े स्कोर पर टीम के सभी खिलाड़ी आउट हो गए. दोपहर बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी नगालैंड की टीम के बल्लेबाजों की शुरुआत काफी धीमी रही. पहले दिन टीम 26.4 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 73 रन बना सकी. उप्र के लिए खेलते हुए आसिफ अली ने 17 रन पर ही युगांधर को क्लीन बोल्ड कर दिया. केनीजेट्यू रियो ने 82 गेंदों में 26 रन बनाए. रंजथुंग ने 13 गेंदों में चार रन बनाए. सुजल नौ रन और मुघवी सुमी चार रन बनाकर आउट हो गए.

प्लेयर्स ने रन पाने के लिए बहाया पसीना.

इनॉग्रेशन में माननीय भी रहे मौजूद.

स्कोर बोर्ड पर एक नजर

उप्र टीम	रन	गेंद	चौके	छक्के
आदर्श सिंह का. केनीजेट्यू एवं बो. सुजल प्रसाद	85	74	16	00
मानव सिंधु का. केनीजेट्यू एवं बो. सुजल प्रसाद	10	20	01	09
अक्षय दुबे का. युगांधर एवं बो. दीप बोराह	02	12	00	00
शिवम कुमार का. मुघवी सुमी बो.सैम्युल	11	26	01	00
सिद्धार्थ मिश्रा का. युगांधर एवं बो. दीप बोराह	48	78	09	00
प्रशांत वीर का. युगांधर एवं बो. नीजेखो	98	97	10	04
विराट जायसवाल का. नीजेखो एवं बो. खीविटसो	36	55	05	00
शिवम उज्जवल बो. नीजेखो	00	01	00	00
नमन तिवारी बो. सुजल प्रसाद	00	01	00	00
आसिफ अली नाबाद	02	14	00	00
अब्दुल रहमान का. युगांधर एवं खीविटसो	18	17	01	02

टॉस : नगालैंड (गेंदबाजी)

नागालैंड (बल्लेबाजी)	रन	गेंद	चौके	छक्के
युगांधर बो. आसिफ अली	17	37	03	00
केनीजेट्यू का. मानव सिंधु	26	82	04	00
रंजथुंग बो. आसिफ अली	04	13	00	00
सुजल प्रसाद का. शिवम कुमार	09	10	00	01